web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 14 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 286

# खत्म हुआ इंतजार, आज होगी चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग

**नई दिल्ली।** भारत में चंद्रयान-3 मिशन का इंतजार आज खत्म होने वाला है. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) शुक्रवार को चंद्रयानन-3 को लॉन्च करेगा. आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा सेंटर से दोपहर 2:35 बजे चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग होगी. इसकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है. 615 करोड़ की लागत से तैयार हुआ ये मिशन करीब 50 दिन की यात्रा के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडिंग करेगा. अगर चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग सफल रहती है तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा. इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन चंद्रमा पर अपने स्पेसक्राफ्ट उतार चुके हैं.

चंद्रयान-2 मिशन को 22 जुलाई 2019 को लॉन्च किया गया था. करीब 2 महीने बाद 7 सितंबर 2019 को चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने की कोशिश कर रहा विक्रम लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था. इसी के साथ चंद्रयान का 47 दिन का सफल सफर खत्म हो गया था. इसके बाद से ही भारत चंद्रयान-3 मिशन की तैयारी कर रहा है.

**चंद्रयान-3 क्या है-** चंद्रयान मिशन के तहत इसरो चांद की स्टडी करना चाहता है. भारत ने पहली बार 2008 में चंद्रयान-1 की सफल लॉन्चिंग की थी. इसके बाद 2019 में चंद्रयान-2 की लॉन्चिंग में भारत को असफलता मिली. अब भारत चंद्रयान-3 लॉन्च करके इतिहास रचने की कोशिश में है. इसकी लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से होगी. चंद्रयान-3 के तीन हिस्से- प्रोपल्शन मॉड्यूल, लैंडर मॉड्यूल और रोवर तैयार किए गए हैं. इन्हें जिसे टेक्निकल भाषा में मॉड्यूल कहते हैं.

**दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा चंद्रयान-3 :** चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारा जाएगा. इस मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए इसमें कई अतिरिक्त सेंसर को जोड़ा गया है. इसकी गति को मापने के लिए इसमें एक 'लेजर डॉपलर वेलोसीमीटर' सिस्टम लगाया है.

**सभी टेस्टिंग में पास :** चंद्रयान-3 मिशन के लॉन्चिंग व्हीकल के



क्रायोजेनिक ऊपरी फेज को रफ्तार देने वाले सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान टेंपरेचर टेस्टिंग में भी सफल रहा था. इसके पहले लैंडर का एक टेस्टिंग ईएमआई/ईएमसी भी सफलतापूर्वक पूरा हुआ था.

**चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से होगा काम :** चंद्रयान-2 में इन तीनों मॉड्यूल के अलावा एक हिस्सा ऑर्बिटर भी था. इसरो ने चंद्रयान-3 के लिए ऑर्बिटर नहीं बनाया है. चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर पहले से ही चंद्रमा के चक्कर काट रहा है. अब इसरो उसका इस्तेमाल चंद्रयान-3 में करेगा.

चंद्रयान-3 मिशन को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (GSLV) एमके III से लॉन्च किया जाएगा. यह तीन स्टेज वाला लॉन्च व्हीकल है, जिसका निर्माण इसरो द्वारा किया गया है. देश के इस सबसे हैवी लॉन्च व्हीकल को 'बाहुबली' नाम से भी जाना जाता है.

**चंद्रमा की सतह के बारे में मिलेगी जानकारी-** चंद्रयान-3 मिशन के साथ कई प्रकार के वैज्ञानिक उपकरणों को भेजा जाएगा, जिससे लैंडिंग साइट के आसपास की जगह में चंद्रमा की चट्टानी सतह की परत, चंद्रमा के भूकंप और चंद्र सतह प्लाज्मा और मौलिक संरचना की थर्मल-फिजिकल प्रॉपर्टीज की जानकारी मिलने में मदद हो सकेगी.

## फ्रांस से 26 राफेल लड़ाकू विमान और तीन पनडुब्बियां खरीदने को मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत की रक्षा ताकत में जबरदस्त इजाफा होने वाला है। भारत ने फ्रांस से 26 राफेल लड़ाकू विमान और तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पारंपरिक पनडुब्बियां खरीदने की योजना बनाई है जिसे रक्षा अधिग्रहण परिषद ने मंजूरी दे दी है। एकक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय नौसेना के लिए तीन अतिरिक्त स्कोपीन श्रेणी की पनडुब्बियों के साथ 22 राफेल एमएस और 4 ट्विन सीटर ट्रेनर संस्करणों को मिलाकर 26 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावों को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में मंजूरी दी गई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बताया जा रहा है कि भारत और फ्रांस के बीच 90 हजार करोड़ रुपये की डील हुई है। इस डील के प्रस्तावों पर रक्षा मंत्रालय में पहले ही उच्च-स्तरीय बैठकों में चर्चा हो चुकी है। इसे डीएसी के सामने रखा गया, जहां इस डील को मंजूरी दे दी गई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली में दर्दनाक हादसा: दो ट्रकों में भीषण भिड़ंत में चार कांवड़ियों की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के सिरसपुर जीटी रोड पर दो गाड़ियों में भीषण भिड़ंत हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस पार्टी ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अलीपुर पुलिस थाना में देर रात करीब पौने एक बजे एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें कॉलर ने बताया कि सिरसपुर जीटी रोड पर दो ट्रकों की टक्कर हो गई है, जिसमें कई लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, एक ट्रक नांगलोई के पास से कांवड़ यात्रियों को लेकर हरिद्वार जा रहा था तभी दिल्ली की ओर जा रहे ट्रक ने डिवाइडर को पार कर जीटी करनाल रोड पर विपरीत दिशा में आ रहे कांवड़ियों के ट्रक को टक्कर मार दी। इस हादसे में 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सत्यवादी हरिश्चंद्र अस्पताल नरेला में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया है और दो लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ट्रक में 20 से 23 लोग कांवड़ लेने जा रहे थे, जिसमें से 15 लोग घायल हो गए,जबकि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपित ट्रक चालक घटना के बाद से फरार है। अलीपुर थाना पुलिस ने 279/304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### ग्रेटर नोएडा के गैलेक्सी प्लाजा में लगी आग, जान बचाने को तीसरी और पांचवीं मंजिल से शीशे तोड़कर कूदे लोग

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बने गैलेक्सी प्लाजा में आग लगने से हडकंप मच गया। इसका एक वीडियो भी सामने आया। जिसमें कुछ लोग पांचवी और तीसरी मंजिल से शीशे तोडक़र नीचे कूदते हुए दिखाई दिए। जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति पांचवी मंजिल से कूद गया, उसका भी वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि उसे काफी चोट भी लगी है। बताया जा रहा है कि उसके सिर और रीढ़ की हड्डी में काफी तेज चोट लगने के कारण उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम और बिसरख कोतवाली की पुलिस टीम भी पहुंच गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ही आग लगी है। आग बहुत ज्यादा भीषण नहीं है। लेकिन, प्लाजा के अंदर धुआं भर जाने से लोगों का दम घुट रहा है और लोग नीचे भी नहीं उतर पा रहे। इसीलिए पांचवी मंजिल से लोगों के कूदने की सूचना मिली है। फिलहाल मौके पर पहुंची टीम ने राहत बचाव का कार्य शुरू कर दिया है। लेकिन, अभी यह बता पाना काफी मुश्किल है कि प्लाजा के अंदर कितने लोग मौजूद हैं। फायर ब्रिगेड और लोकल पुलिस के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है और जो लोग भी अंदर फंसे हैं, उनको निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

### सॉरी फॉर इवर लिख पहले सेल्फी ली, फिर दो बच्चों समेत पूरे परिवार ने की आत्महत्या

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक सनसनी फैलाने वाली खबर सामने आई है। रातीबड़ थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के चार सदस्यों ने आत्महत्या कर ली है। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। पति-पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और आशंका जताई जा रही है कि दोनों बच्चों को खाने की किसी वस्तु में जहर दिया गया था। जिसे खाने से उनकी भी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस को घटना स्थल से एक सुसाइट नोट भी मिला है। जानकारी के मुताबिक कर्ज से परेशान होकर परिवार ने आत्महत्या करने का फैसला लिया था। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में युवक ने बताया कि कैसे कर्ज के चलते वो परेशान होकर ये कदम उठा रहा है। साथ ही पत्र में पुलिस से पीएम ना करने की भी गुहार लगाई गई है। मृतक ने सुसाइड लेटर में लिखा है कि 'मैंने ज़्यादा पैसे कमाने के लिए एक ऑनलाइन कंपनी में काम किया। शुरू में थोड़ा फ़ायदा भी हुआ, मगर बाद में दल दल में फंसता चला गया।

आईटी विभाग की बड़ी कार्यवाई

## ऑटोमोबाइल कंपनी प्रोग्रेसिव के 35 ठिकानों पर ताबड़तोड़ रेड, 15 करोड़ बरामद

**गाजियाबाद (आरएनएस)।** गाजियाबाद और नोएडा समेत 35 जगहों पर इनकम टैक्स विभाग की रेड पिछले 48 घंटे से लगातार जारी है। यह रेड ऑटोमोबाइल कंपनी के पार्ट बनाने वाली कंपनी प्रोग्रेसिव के ठिकानों पर हो रही है। मिली जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली, और गुरुग्राम के करीब 35 ठिकानों पर ये छापेमारी चल रही है। इस रेड में 35 टीमें काम कर रही हैं। इसमें करीब 200 के आसपास आईटी अधिकारी शामिल हैं। इस कंपनी के निदेशक परमजीत गांधी हैं। गाजियाबाद में बुलंदशहर रोड पर औद्योगिक एरिया में इसकी तीन फैक्ट्रियां हैं। ये कंपनी ऑटोमोबाइल पार्ट बनाती है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक 12 बैंक लॉकरों में करीब 15 करोड़ रुपए के कैश और जेवरात मिले हैं। कई सौ करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की आशंका है। सूत्रों के अनुसार, प्रोग्रेसिव कंपनी को घाटे में दिखाकर करीब 500 करोड़ रुपये एक बड़ी कंपनी में इन्वेस्ट किया गया। हर साल इसी तरह कंपनी को घाटे में दिखाकर टैक्स चोरी की जा रही थी। जब 500 करोड़ रुपए दूसरी कंपनी में इन्वेस्ट करने की बात आईटी को पता चली तो फिर ये कार्रवाई हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक, कंपनी निदेशक परमजीत गांधी के सेक्टर-2 राजनगर वाले मकान के समेत उनके दो आवास दिल्ली और गुरुग्राम में में भी छापेमारी चल रही है। इसके साथ साथ परमजीत गांधी की कंपनियों, कंपनी के अन्य निदेशकों, मैनेजर, सीए और इन कंपनी से जुड़े सभी लोगों के करीब 35 ठिकानों पर इनकम टैक्स की रेड 12 जुलाई की सुबह 6 बजे हुई थी, जो अब तक जारी है।

## यात्रियों की कमी के कारण पश्चिम रेलवे ने 20 ट्रेनें की रद्द

**प्रयागराज (आरएनएस)।** पश्चिम रेलवे ने कम यात्रियों के कारण 20 विशेष ट्रेनें रद्द कर दी हैं। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) हिमांशु शेखर उपाध्याय ने कहा कि जिन 20 विशेष ट्रेनों को विशेष अवधि के लिए रद्द किया गया है, उनमें 09183 मुंबई सेंट्रल-वाराणसी साप्ताहिक ट्रेन भी शामिल है, जिसे 19 जुलाई से 30 अगस्त के बीच रद्द कर दिया गया है।



अन्य ट्रेनों में 09184 बनारस-मुंबई साप्ताहिक, 21 जुलाई से 1 सितंबर के बीच रद्द कर दी गई है। इसी प्रकार 09417 अहमदाबाद-पटना साप्ताहिक (24 जुलाई और 28 अगस्त), 09418 पटना-अहमदाबाद साप्ताहिक (25 जुलाई-29 अगस्त), 09421 अहमदाबाद-दरभंगा साप्ताहिक (17 जुलाई-28 अगस्त), 09422 दरभंगा-अहमदाबाद साप्ताहिक (जुलाई 19-अगस्त 30) और 09413 अहमदाबाद-समस्तीपुर साप्ताहिक (18 जुलाई और 29 अगस्त) को भी रद कर दिया गया है।

इसी तरह 09414 समस्तीपुर-अहमदाबाद साप्ताहिक 20 जुलाई से 31 अगस्त), 09005 वापी-इज्जतनगर द्वि-साप्ताहिक (16 जुलाई-27 अगस्त) तक नहीं चलेगी।

इसके अलावा, 09006 इज्जतनगर-वापी द्वि-साप्ताहिक इज्जतनगर 17 जुलाई से 28 अगस्त के बीच, 09025 वलसाड-दानापुर साप्ताहिक (24 जुलाई - 28 अगस्त), 09026 दानापुर-वलसाड साप्ताहिक 25 जुलाई - 29 अगस्त के बीच, 09097 और दानापुर-जम्मू तवी साप्ताहिक 17 जुलाई से 28 अगस्त तक रद्द रहेगी।

इसके अलावा 09098 जम्मू तवी-दानापुर को 18 जुलाई से 29 अगस्त, 09343 डॉ. अंबेडकर नगर-पटना साप्ताहिक (21 जुलाई - 25 अगस्त), 09344 पटना-अंबेडकर नगर साप्ताहिक (22 जुलाई और 26 अगस्त), 09117 सूरत सूबेदारगंज साप्ताहिक (21 जुलाई और 25 अगस्त), 09118 सूबेदारगंज-सूरत साप्ताहिक (22 जुलाई-26 अगस्त) और 09321 इंदौर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा साप्ताहिक (26 जुलाई-30 अगस्त), जबकि 09322 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-इंदौर साप्ताहिक (जुलाई 28-सितंबर 1) को रद्द कर दिया गया है।

## एनआईए अदालत का बड़ा फैसला, इंडियन मुजाहिदीन साजिश मामले में चार को 10 साल की सश्रम कारावास की सजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** यहां एक विशेष एनआईए अदालत ने इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) साजिश मामले में चार आरोपियों को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। चारों आरोपी आईएम के साथ घनिष्ठ संबंध में थे, इनमें पाकिस्तान स्थित मुख्य आरोपी रियाज भटकल और भारत में रहने वाला यासीन भटकल भी शामिल थे। जांच एजेंसी के अनुसार, उन्होंने हैदराबाद और दिल्ली सहित महत्वपूर्ण स्थानों की रेकी की थी और विस्फोटकों के साथ-साथ हथियार और गोला-बारूद भी खरीदा था। यह मामला इंडियन मुजाहिदीन के सदस्यों द्वारा रची गई साजिश से संबंधित है, जो देश में विभिन्न विस्फोटों को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार है। इसमें मार्च 2006 के वाराणसी विस्फोट, जुलाई 2006 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट, वाराणसी, फैजाबाद और यूपी अदालतों में सिलसिलेवार विस्फोट शामिल हैं। नवंबर 2007 में लखनऊ, अगस्त 2007 में हैदराबाद में दोहरे विस्फोट, इसके अलावा जयपुर सीरियल ब्लास्ट, दिल्ली सीरियल ब्लास्ट और 2008 में अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट शामिल हैं। 2010 के चिन्नास्वामी, बेंगलुरु स्टेडियम विस्फोट और 2013 के हैदराबाद दोहरे विस्फोट के पीछे भी आईएम का हाथ था। दानिश अंसारी, आफताब आलम, इमरान खान और ओबैद-उर-रहमान को 7 जुलाई को दोषी ठहराया गया था। विशेष न्यायाधीश ने आरोपी दानिश अंसारी पर 2,000 रुपये और आफताब आलम पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। उन्हें जनवरी और मार्च 2013 के बीच गिरफ्तार किया गया था। विशेष अदालत ने पहले 31 मार्च, 2023 को सात अन्य लोगों के साथ चार के खिलाफ आरोप तय किए थे। अन्य सात की पहचान यासीन भटकल, असदुल्ला अख्तर, जिया-उर-रहमान, तहसीन अख्तर और हैदर अली के रूप में की गई है।

### जम्मू-कश्मीर में आतंक पर कड़ा प्रहार : एनआईए ने आतंकवादियों के कई ठिकानों पर की छापेमारी

**पुलवामा (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की छापेमारी चल रही है। आतंकी संगठनों का भंडाफोड़ करने के लिए छापेमारी की जा रही है। इससे दो दिन पहले भी एनआईए ने दक्षिण कश्मीर के पांच स्थानों पर तलाशी ली थी। एनआईए की छापेमारी विभिन्न आतंकी संगठनों के लिए बतौर ओवरग्राउंड वर्कर काम कर रहे और इंटरनेट मीडिया व अन्य तरीकों से आतंकी एजेंडे को हवा दे रहे तत्वों के ठिकानों पर हुई थी। इससे पहले मंगलवार को भी एनआईए ने अनंतनाग, शोपियां और पुलवामा में पांच जगहों पर छापेमारी की और बड़े पैमाने पर आपत्तिजनक डेटा वाले कई डिजिटल उपकरण जब्त किए। एनआईए ने जिन नए आतंकी संगठनों पर छापेमारी की है, उनमें द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू एंड कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू एंड कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स ( जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर्स, पीएएफ और अन्य संगठन शामिल हैं।

## इटावा लायन सफारी में 5 में से 3 शेर शावकों की मौत

**इटावा (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में स्थित इटावा लायन सफारी में पांच दिनों के भीतर शेरनी सोना के पैदा हुए पांच शावकों में से तीन की मौत हो गई है। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। सफारी के अधिकारियों ने बुधवार तक इस खबर को गुप्त रखा, जब प्रधान मुख्य वन संरक्षक ममता एस. दुबे ने मौतों की पुष्टि की।

6 जुलाई को पहले शावक के जन्म के बाद, सोना ने चार और बच्चों को जन्म दिया - 9 जुलाई को तीन और 10 जुलाई को एक। अब 6 जुलाई को पैदा हुआ शावक और 9 जुलाई को पैदा हुए तीन में से एक जीवित है।

दुबे ने कहा, दो शावक मृत पैदा हुए थे और एक बहुत कमजोर था और जीवित नहीं रह सका। पशुचिकित्सक दो जीवित शावकों की स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

अधिकारियों ने कहा कि शेरनी के लिए चार से पांच दिनों में शावकों को जन्म देना दुर्लभ है।

अधिकारी ने कहा, शेरनी को शावकों को जन्म देने में अधिकतम 24 से 30 घंटे लगते हैं। इस बारे में कोई शोध भी उपलब्ध नहीं है। जांच के लिए गुजरात से विशेषज्ञों को बुलाया गया है और हमने देहरादून वन्यजीव संस्थान के अधिकारियों को यह अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञों को नियुक्त करने के लिए भी लिखा है कि ऐसा क्यों हुआ।

## हिमाचल में बारिश ने मचाई तबाही, बिना गाड़ी के वापिस जाने को तैयार नहीं 10,000 पर्यटक

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश में बारिश से प्रभावित सडक़ों और राजमार्गों पर पांच दिनों तक फंसे रहने के बाद कुल्लू के कसोल और खीरगंगा इलाकों में फंसे लगभग 10,000 पर्यटक अपने वाहनों के बिना बाहर जाने में अनिच्छुक हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने उनसे वाहनों की सुरक्षित पार्किंग के बारे में पुलिस पर्ची प्रदान करने का आग्रह किया था और बाद में सडक़ें साफ होने पर वे अपने वाहन ले जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आश्वासन के बावजूद करीब 10 हजार पर्यटकों ने सडक़ की बहाली तक बारिश प्रभावित क्षेत्र में रुकने का फैसला किया, जिसमें एक पखवाड़े से लेकर महीनों तक का समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को बादल फटने के बाद रिकांग-पियो में 150 पर्यटक मारे गए। चंद्रताल में बचाव अभियान चल रहा है और फंसे हुए लोगों का पहला काफिला लोसर की ओर आ रहा है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और पुणे के 250 लोग पिछले पांच दिनों से चंद्रताल झील में फंसे हुए हैं। हेलीकॉप्टरों से पर्यटकों को बचाने की कोशिश की गई है, लेकिन भारतीय वायुसेना ने पायलट को चंद्रताल पर असुरक्षित जगह पर हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति नहीं दी और अब दो मंत्री फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान की देखरेख कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चंद्रताल पर माइनस चार डिग्री सेल्सियस पर फिसलन भरी सडक़ पर गाड़ी चलाना जोखिम भरा है, इसलिए निकासी अभियान में समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि चार किलोमीटर सडक़ पर गाड़ी चलाने में एक घंटा लगता है। कसोल में फंसे सभी विदेशियों को संबंधित दूतावास की मदद से कुल्लू से निकाला जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इजराइल के दूतावास ने निकासी की अनुमति मांगी है। मुख्यमंत्री ने कहा,दूतावास का हेलिकॉप्टर कुल्लू के कई इलाकों में फंसे विदेशी पर्यटकों को निकालने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग वाहनों सहित फंसे हुए हैं, उन्हें अपने वाहन ले जाने का आश्वासन दिया जा रहा है, जिन्हें पुलिस हिरासत में रखा जाएगा और यदि वे तुरंत घर जाना चाहते हैं तो वाहन के मालिक को एक रसीद सौंपी जाएगी। सरकार को बारिश से प्रभावित



सडक़ों को बहाल करना है, लेकिन इसमें समय लगेगा और बेहतर होगा कि पर्यटक अपने घरों को लौट जाएं. सरकार किसी पर घर जाने के लिए दबाव नहीं बनाएगी, बल्कि बचाव अभियान पूरा होने तक उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि भारी बारिश से प्रभावित बिजली, पानी, इंटरनेट और फोन सेवाएं बहाल कर दी गई हैं और अवरुद्ध सडक़ों को साफ करने के लिए जेसीबी और भारी मशीनें तैनात की गई हैं।